www.amritvichar.com

# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

लखनऊ, शनिवार, 4 अप्रैल 2026

**सुविचार**



लोग कहते हैं कि पैसा खुशियों की चाबी नहीं है, पर मैंने हमेशा पाया है कि यदि आपके पास पैसा है तो आप एक चाबी बनवा सकते हैं।
-जोन रिवर्स

**लखनऊ के प्रमुख समाचार**

- रिहायशी इलाके में चल रहे कारखाने में लगी भीषण आग II
- गिरजाघरों में श्रद्धा के साथ मना गुड फ्राइडे III
- इंटरमीडिएट छात्रों के लिए एआई कोर्स शुरू IV

## शहर में आज



- महर्षि यूर्निवसिटी ऑफ इंफार्मेशन टैक्नोलाजी में किसानों की आय बढ़ाने वाले उपायों पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन 10:00 बजे से।
- गुड फ्राइडे के उपलक्ष्य में पास्का जागरण कार्यक्रम का आयोजन कैथेड्रल चर्च में रात्रि 10:30 बजे।
- भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह का उदघाटन अकादमी के राज बिसारिया प्रेक्षागृह में पूर्वाह्न 11:00 बजे।
- सीतापुर रोड खुशबू काम्प्लेक्स के सामने पक्का पुल बंधा मार्ग केचौड़ीकरण एवं नवनिर्माण कार्य का भूमिपूजन : 11:30 बजे।
- लखनऊ बायोस्कोप की ओर से वेलेंटीना त्रिवेदी और नितिन सुखीजा द्वारा पंचतंत्र अनसेंसर्ड का मंचन सनतकदा कार्यालय 130 जेसी बोस रोड में सायं 6:30 बजे।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# बीआरडी के बदहाल रैन बसेरा में गर्मी से बेहाल हो रहे तीमारदार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- टिनशेड में न पंखे, न कूलर, फटे गद्दों के सहारे गुजार रहे रात, जिम्मेदार बेपरवाह

**अमृत विचार :** महानगर स्थित भाऊराव देवरस संयुक्त चिकित्सालय (बीआरडी) के रैन बसेरे की व्यवस्था पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। यहां तीमारदारों के ठहरने के लिए बनाए गए टिनशेड में न तो पंखों की व्यवस्था है और न ही कूलर लगाए गए हैं। भीषण गर्मी में तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

तीमारदारों का कहना है कि रैन बसेरे में बैठना तक मुश्किल हो गया है। गर्मी से राहत के लिए कोई इंतजाम नहीं है, जबकि ठंड से बचाव के लिए लगाए गए हीटर अब भी लटके हुए हैं, जिन्हें हटाने तक की जरूरत नहीं समझी गई। वहीं, अस्पताल के जिम्मेदार अधिकारी एसी कमरों में बैठकर हालात से बेखबर नजर आ रहे हैं। करीब 100 बेड वाले इस अस्पताल में गाइनी, ईएनटी, सर्जरी और मेडिसिन सहित कई विभाग संचालित हो रहे हैं, लेकिन मरीजों के साथ आने वाले परिजनों के ठहरने की समुचित व्यवस्था नहीं है।

अस्पताल परिसर में बने अस्थायी टिनशेड रैन बसेरे में महज पांच गद्दे डाले गए हैं, जिनमें से कई फटे हुए हैं। गर्मी और अव्यवस्था के चलते तीमारदारों को रात गुजारना भी मुश्किल हो रहा है। इस संबंध में अस्पताल के सीएमएस डॉ. रंजीत दीक्षित ने बताया कि जल्द ही रैन बसेरे में पंखे लगवाए जाएंगे, ताकि तीमारदारों को राहत मिल सके।



बदहाल रैन बसेरा में पंखे की जगह लगे हीटर। अमृत विचार

# 15 दिन में सफाई एजेंसी पर दोबारा लगा जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उपमुख्यमंत्री के निरीक्षण के बाद भी नहीं सुधरे हालात
- अब मंडलायुक्त के निरीक्षण में गंदगी मिलने पर की गई कार्रवाई

अमृत विचार : चिनहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने 16 मार्च को सीएचसी चिनहट का निरीक्षण किया था। गंदगी मिलने पर सफाई एजेंसी का सात दिनों का भुगतान काटने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद सफाई एजेंसी से 6700 रुपये की कटौती कर सख्त हिदायत दी गई। गुरुवार को मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने निरीक्षण किया था। परिसर में गंदगी का अम्बार मिला था। सीएचसी प्रभारी डॉ. ज्योति कामले ने बताया कि दूसरी बार भी एजेंसी का एक सप्ताह के भुगतान की कटौती करने के साथ सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

# होम डिलीवरी में देरी, गोदामों पर जाना मजबूरी

**08** से 10 दिन बुकिंग के बाद होम डिलीवरी में लग रहे **25** दिन के बाद आसानी से बुक नहीं हो रही रसोई गैस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर में रसोई गैस की बुकिंग के बाद होम डिलीवरी समय पर नहीं हो रही है। उपभोक्ता मजबूरन गोदामों पर जाकर सिलिंडर उठा रहे हैं। चिनहट समेत कई क्षेत्रों में लंबी कतारें आज भी नजर आईं। 25 दिन पूरे होने के बाद बुकिंग भी आसानी से नहीं हो पा रही है। कभी सर्वर खराब तो कभी अन्य तकनीकी समस्या का उपभोक्ता सामना कर रहे हैं।

रसोई गैस की बुकिंग और होम डिलीवरी में पूरी तरह से सुधार नहीं हुआ है। बुकिंग में सर्वर की समस्या बनी हुई है। जिन उपभोक्ताओं की गैस बुकिंग हो रही तो उनमें से ज्यादातर के घरों पर आठ से 10 दिन में सिलिंडर पहुंच रहे हैं। डिलीवरी का मैसेज भी आठ से 10 दिन में आ रहा है। ऐसे में उपभोक्ताओं को सीधे गोदामों पर जाकर सिलिंडर लेने को मजबूर हैं। वहीं, कॉमर्शियल सिलिंडर का संकट है लेकिन आवश्यकता भर गैस स्कूल, अस्पताल, स्वयंसेवी संस्थानों आदि में भेज दी जाती है।

शहर के कई गोदामों में शुक्रवार को गैस उपभोक्ताओं की भीड़ नहीं थी। नेशनल डिग्री कॉलेज इंडेन के गैस गोदाम पर आज उपभोक्ताओं की कतार नहीं थी। सिलिंडर से भरा ट्रक भी खड़ा नजर आया। गोदाम प्रभारी राकेश ने बताया इंडेन में किसी तरह की समस्या ज्यादा नहीं आई। बुकिंग होने पर दो से तीन दिन में घरों पर सिलिंडर पहुंचाने की कोशिश रही और लोगों को मिली भी। रोजाना करीब 250 सिलिंडर तक होम डिलीवरी कर रहे हैं। एजेंसी से पर्ची लेकर आठ से 10 ही उपभोक्ता गोदाम पर सिलेंडर लेने आते हैं।



तिलक मार्ग स्थित स्मृति गैस एजेंसी से सिलिंडर लेकर जाता युवक।

> बुकिंग आसानी से नहीं हुई। दिन में मोबाइल से बुकिंग कराने पर नंबर नहीं लगा। बराबर प्रयास करने पर रात करीब 1 बजे बुकिंग हो सकी। 12 दिन बीतने पर भी घर पर सिलिंडर नहीं आया। मजबूरन गोदाम पर जाना पड़ा, तब जाकर सिलिंडर मिला। **-सुमन सिंह,** विधानसभा मार्ग, हजरतगंज

> बड़ी मुश्किल से गैस बुक हुई। घर पर सिलिंडर नहीं आया तो तीन बाद गोदाम पर लेने गए। कर्मियों ने दूसरे दिन घर पर सिलिंडर भेजने की बात कही। एक सप्ताह से सिलिंडर नहीं पहुंचा है। **-मनोज कुमार,** विकास नगर

## गोसाईगंज में गैस सिलेंडरों की मारामारी

**अमृत विचार, गोसाईगंज :** लखनऊ जनपद के विकास खंड गोसाईगंज में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की भारी कमी के चलते उपभोक्ताओं में मारामारी मची हुई है। जबकि केंद्र और राज्य सरकारें कहीं भी गैस की कमी न होने का दावा कर रही हैं, स्थानीय स्तर पर स्थिति ठीक उलट है। शुक्रवार को गोसाईगंज ब्लॉक कार्यालय परिसर में गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार इससे पहले भी दो दिन यहां सिलेंडर बांटे गए थे। गैस एजेंसी संचालक विनोद प्रधान ने बताया कि ब्लॉक प्रमुख विनय कुमार वर्मा 'डिम्पल' के कहने पर ब्लॉक कार्यालय में वितरण का काम किया गया। एजेंसी कार्यालय पर भी भारी भीड़ देखी गई। कुछ उपभोक्ता केवाईसी न कराने की वजह से सिलेंडर न मिलने की शिकायत कर रहे थे, तो कुछ बुकिंग में देरी बता रहे थे। विनोद प्रधान ने कहा कि जहां उपभोक्ता उपलब्ध होते हैं, वहां सिलेंडर पहुंचा दिए जाते हैं। स्थानीय लोगों ने तंज कसते हुए कहा कि अब गैस वितरण की जिम्मेदारी खंड विकास अधिकारी के कार्यालय में आ गई है, इसलिए ब्लॉक परिसर में ही सिलेंडर बांटे जा रहे हैं। सत्तारूढ़ दल के लोगों के इशारे पर वितरण हो रहा है, ऐसा आरोप भी लग रहा है। यह स्थिति आम उपभोक्ताओं के लिए मुश्किल पैदा कर रही है और सरकारी दावों पर सवाल खड़े कर रही है।

## दो सौ रूपये का पाइप लेना होगा तभी मिलेगा सिलेंडर

विकासखंड गोसाईगंज की सलेमपुर पंचायत में स्थित भारत गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं को सिलेंडर के लिए काफी मारामारी करनी पड़ रही है काफी दिक्कत और मारामारी के बाद जब उपभोक्ता को सिलेंडर मिलने की बारी आती है तो एजेंसी संचालक द्वारा 200 का पाइप ज़बरदस्ती उनको दिया जाता है पीड़ित मोहम्मद हसीन और गुलाम शब्बीर ने बताया कि एजेंसी की मैनेजर अल्का मौर्या द्वारा जबरदस्ती पाइप दिया जाता है और कहा जाता है कि जब पाइप लोगे तभी सिलेंडर मिलेगा वरना सिलेंडर नहीं मिलेगा तथा उपभोक्ताओं को केवाईसी के लिए भी दौड़ाया जाता है एक उपभोक्ता अरविन्द ने बताया कि 2 दिन से लगातार केवाईसी के लिए आ रहे हैं परंतु अभी तक केवाईसी नहीं की गई है।



सिलिंडर के लिए हंगामा करते लोग।

## लखनऊ जंक्शन पर निर्माण कार्य से बढ़ी यात्रियों की परेशानी

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर चल रहे कॉनकोर्स निर्माण कार्य ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उत्तर रेलवे की ओर से प्लेटफॉर्म शेल्टर हटाने और फाउंडेशन कार्य के चलते 4 से 11 अप्रैल तक कई ट्रेनों के मार्ग और ठहराव में अस्थायी बदलाव किया गया है। इस बदलाव के तहत ट्रेनों को मानक नगर-लखनऊ-मल्हौर की जगह मानक नगर-ऐशबाग रेलवे स्टेशन-मल्हौर मार्ग से संचालित किया जा रहा है। वहीं उतरेटिया-लखनऊ-आलमनगर के बजाय ट्रेनों को ट्रांसपोर्ट नगर होते हुए आलमनगर रेलवे स्टेशन की ओर भेजा जा रहा है। कुछ ट्रेनों का अस्थायी ठहराव ऐशबाग और बादशाहनगर रेलवे स्टेशन पर किया गया है। मार्ग परिवर्तन की पर्याप्त जानकारी न मिलने से यात्रियों को स्टेशन पर पूछताछ काउंटर के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। चारबाग आने वाले यात्रियों को अब वैकल्पिक स्टेशनों से ट्रेन पकड़नी पड़ रही है, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ रहे हैं। अलीगंज निवासी मधु ने बताया कि उन्हें 6 अप्रैल को ट्रेन पकड़नी है, लेकिन अब पता चला कि जंक्शन पर ठहराव नहीं है। वहीं विकास नगर के चन्द्रकांत श्रीवास्तव ने कहा कि वैष्णोदेवी जाने के लिए अब दूसरे स्टेशन जाना पड़ेगा, जिससे सामान के साथ परेशानी और किराया दोनों बढ़ेंगे।

## सिटी ब्रीफ

### 45 करोड़ से होगा बंधा मार्ग का चौड़ीकरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीतापुर रोड-पक्का पुल बंधा मार्ग के चौड़ीकरण एवं नवनिर्माण कार्य 45 करोड़ की लागत से किया जाएगा। शनिवार को स्थानीय विधायक डॉ. नीरज बोरा भूमिपूजन कर इसके निर्माण कार्य की शुरुआत करेंगे। विधयक ने बताया कि मार्ग की वर्तमान चौड़ाई 5 मीटर है, जबकि, प्रस्तावित चौड़ाई 14 मीटर है। इसके बनने से सीतापुर रोड की तरफ से आने वाले लोगों को आवागमन की सुविधा और सुलभ होगी।

### ब्लैक फिल्म-हूटर के खिलाफ चला अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री के निर्देश पर शुक्रवार को राजधानी में काली फिल्म, हूटर व रैश ड्राइविंग के खिलाफ अभियान चलाया गया। डीसीपी से लेकर सिपाही तक सड़क पर उतरे। अभियान के दौरान सैकड़ों कारों की काली फिल्म उतारी गयी। साथ ही हूटर जब्त किए गए। अभियान के दौरान कई वाहन सीज और चालान किए गए।

## मंचन



गोमतीनगर के बीएनए के राजबिसारिया प्रेक्षागृह में नाटक आनंद मठ का दृश्य। ● अमृत विचार

# ड्यूटी से गैरहाजिर व वसूली में इंस्पेक्टर गौतमपल्ली लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- महिलाओं के प्रदर्शन की थी जानकारी, सोकर उठे लोवर टीशर्ट में पहुंचे
- दो लोगों को बंदरियाबाग चौकी इंचार्ज पूछताछ के लिए लाए थाने, छोड़ा, लेनदेन का आरोप
- गोपनीय शिकायत पर हुई जांच, रिपोर्ट के बाद कार्रवाई

**अमृत विचार:** वीवीआईपी ड्यूटी में गैरहाजिर रहना और वसूली के आरोप में इंस्पेक्टर गौतमपल्ली को लाइन हाजिर कर दिया गया। शुक्रवार दोपहर पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर ने आदेश जारी किया। उनके स्थान पर विपिन सिंह को एसओ बनाया गया। मामले की जांच एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल को सौंपी गई है। जांच में दोषी मिलने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

सूत्रों के मुताबिक गुरुवार को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 में कार्यरत महिला कर्ममचारी बड़ी संख्या में 1090 चौराहे पर प्रदर्शन करने पहुंच गई। इंस्पेक्टर रत्नेश कुमार सिंह को इसकी भनक तक नहीं लगी। अधिकारियों ने उनके बारे में जानकारी की तो पता चला कि सो रहे हैं।

बवाल की जानकारी होते ही इंस्पेक्टर आनन-फानन लोवर टीशर्ट में मौके पर पहुंच गए। वहां बड़ी संख्या में अफसर और अन्य लोग भी मौजूद थे। प्रदर्शन खत्म न होने तक वह उसी लोवर टीशर्ट में रहे। बीते दिनों एक चौकी से जुड़े दरोगा और दो सिपाही, एक युवक को पकड़कर थाने ले गए थे। इस मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को नहीं दी गई थी। फिर वसूली के बाद उसे छोड़ दिया गया। वहीं, तीन वीवीआईपी ड्यूटी में इंस्पेक्टर नहीं पहुंचे थे। इस मामले में उच्चाधिकारियों ने उनके स्पष्टीकरण मांगा तो जवाब भी नहीं दिया। लगातार ड्यूटी में लापरवाही बरत रहे थे। इस कारण पुलिस कमिश्नर ने इंस्पेक्टर रत्नेश सिंह को लाइन हाजिर किया।

एसीपी विकास जायसवाल ने बताया कि अनुशासन हीनता और प्रशासनिक कार्यों में लापरवाही बरतने में इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर किया गया है। पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## चौकी इंचार्ज समेत कई की चल रही जांच

इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ बंदरियाबाग चौकी इंचार्ज समेत अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच चल रही है। इन लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। उसी के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी के मुताबिक जिसने भी लापरवाही बरती होगी। उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।




**बुरा हाल** | नंबर बदलकर जारी हो रहीं रसीदें, सरकार को भारी राजस्व नुकसान की आशंका

# ओवरलोड वाहनों को फर्जी पर्ची से टोल पार कराने का खेल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी और आसपास के राष्ट्रीय राजमार्गों पर ओवरलोड वाहनों के संचालन में बड़े स्तर पर गड़बड़ी की आशंका सामने आई है। आरोप है कि टोल प्लाजा पर वाहनों के वास्तविक नंबर बदलकर फर्जी टोल पर्चियां जारी की जा रही हैं, जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है।

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एआरटीओ प्रवर्तन आलोक यादव ने आशियाना थाने में मुकदमा दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। परिवहन विभाग को दी जाने वाली ओवरलोड वाहनों की सूची में भी अनियमितताएं सामने आई हैं। विभागीय सूत्रों के मुताबिक, कई बार सूची में दर्ज वाहन नंबर वास्तविक वाहनों से मेल नहीं खाते, जिससे कार्रवाई प्रभावित होती है। सोमवार सुबह आशियाना थाना क्षेत्र के कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित दरोगा खेड़ा पर चेकिंग के दौरान मामला सामने आया।

जांच में एक ट्रक का वास्तविक नंबर यूपी 32 जेडएन 8925 पाया गया, जबकि टोल पर्ची पर अलग नंबर दर्ज था। चालक के पास मौजूद दूसरी पर्ची में भी अलग नंबर अंकित मिला, जिससे फर्जी पर्चियों की आशंका और गहरी हो गई। मामले में एक बड़े नेटवर्क की आशंका जताई जा रही है, जिसमें टोल कर्मियों की भूमिका की जांच की जा रही है। इससे पहले भी ओवरलोड वाहनों से संबंधित मामलों में विभिन्न एजेंसियों द्वारा कार्रवाई की जा चुकी है।









पकड़ा गया ट्रक व बरामद फर्जी रसीद। अमृत विचार

> 1600 से अधिक टोल पर्चियां ऐसी मिली हैं, जो वाहन संख्या से मेल नहीं खातीं और किसी रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हैं। अन्य टोल प्लाजा की पर्चियों में भी इसी तरह की अनियमितताएं पाई गई हैं। **-आलोक यादव,** एआरटीओ प्रवर्तन लखनऊ

# पारा चढ़ा खपत बढ़ी पर नहीं मिल रहे नए बिजली कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कॉरपोरेशन के तीन व सात दिन के अंदर कनेक्शन करने के दावे हवा-हवाई

**अमृत विचार:** राजधानी में तापमान बढ़ने के साथ बिजली की खपत और नए कनेक्शनों की डिमांड बढ़ गई है। शहर और उससे जुड़े ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में लोग नए कनेक्शन के लिए आवेदन कर रहे हैं, लेकिन समय पर कनेक्शन न मिलने से उपकेंद्रों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। पावर कॉरपोरेशन की ओर से तीन से सात दिनों के भीतर कनेक्शन देने का दावा किया जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है।

सरोजनी नगर, चिनहट, कानपुर रोड, गोमती नगर विस्तार, बीकेटी, गुडंबा, मड़ियांव और जानकीपुरम जैसे इलाकों में सबसे अधिक आवेदन आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि इन क्षेत्रों में रोजाना करीब 300 आवेदक आवेदन कर रहे हैं। विभाग ने बढ़ती मांग को देखते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को मीटरों का स्टॉक रखने के निर्देश दिए हैं।

अधिकारियों का कहना है कि सभी प्रक्रियाएं सात दिनों में पूरी कर कनेक्शन देने के निर्देश हैं, लेकिन आवेदकों की बढ़ती संख्या और कागजी कार्रवाई के कारण कनेक्शन में देरी हो रही है।

**बढ़ती गई नए कनेक्शनों की संख्या**

| | सिस गोमती | ट्रांसगोमती |
|---|---|---|
| मार्च 2021 | 7.42 लाख | 2.60 लाख |
| मार्च 2022 | 8.52 लाख | 3.50 लाख |
| मार्च 2023 | 9.50 लाख | 4.73 लाख |
| मार्च 2024 से अब तक | 11 लाख | 6 लाख से अधिक |

> बढ़ते लोड और खपत को ध्यान में रखते हुए विभाग ने पर्याप्त तैयारियां कर ली हैं और कनेक्शन प्रक्रिया को तेज करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके बावजूद उपभोक्ताओं को अगर कोई समस्या हो रही है, तो वह 1912 और संबंधित अधिकारी से अपनी शिकायत दर्ज करा समस्या का समाधान करा सकता है। **-वीपी सिंह,** मुख्य अभियंता, जानकीपुरम जोन

## सिटी ब्रीफ

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि 21 फरवरी को एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता का आरोप था कि कुशीनगर के कप्तानगंज सोमली कमकरी टोला निवासी नितेश पटेल ने शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण किया। बाद में आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया। जांच के दौरान आरोप सही पाये जाने पर पुलिस ने आरोपी की तलाश तेज कर दी। पुलिस ने आरोपी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिनहट के मुख्य गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### अलीगंज में लुटेरा गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : युवक पर पत्थर से हमला कर 25 हजार रुपये लूटने वाले बदमाश को अलीगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। इंस्पेक्टर ध्रुव कुमार ने बताया कि 4 मार्च को शक्ति सिंह निवासी फ्रैंड्स कॉलोनी सुशांत गोल्फ सिटी ने लूट की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। छानबीन के दौरान पुलिस ने गुरुवार रात आरोपी अनुपम पटेल निवासी सेक्टर–जे गुडंबा को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी पूर्व में एनडीपीएस में जेल जा चुका है।

### युवती का लूटा मोबाइल

अमृत विचार, आलमबाग : आशियाना थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर युवती का मोबाइल लूट लिया। पुलिस ने पीड़िता की ऑनलाइन शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रजनीखंड शारदानगर निवासी प्रतिष्ठा शुक्ला ने बताया कि 24 जनवरी की शाम उसके साथ मोबाइल लूट की वारदात हुई थी। मोबाइल के कवर में डेबिट कार्ड और 300 रुपये भी रखे थे। जिसकी जानकारी उसने कंट्रोल नंबर पर पुलिस को देने के बाद ऑनलाइन ई–एफआईआर दर्ज कराई थी।

### चोरी की बैट्री संग चार गिरफ्तार

अमृत विचार, आलमबाग : कृष्णानगर पुलिस ने एलडीए कॉलोनी में एक हफ्ते पहले घर के सामने खड़े ई–रिक्शा से बैट्री चोरी के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को आरोपियों के पास से चोरी की आठ बैट्री बरामद की हैं। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि शुक्रवार तड़के बाराबिरवा डाला स्टैंड के पास से चार आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम विकास रावत निवासी हंसखेड़ा डूडा कॉलोनी पारा, धर्मेन्द्र गौतम निवासी हंसखेड़ा पारा, निखिल मिश्रा उर्फ मंगल निवासी रजनीखण्ड आशियाना और कृष्णा कनौजिया निवासी स्नेहनगर कृष्णानगर बताया। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी विकास और निखिल पेशेवर अपराधी है। उनके खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि बीते 24 मार्च को सेक्टर डी निवासी अंकित कुमार ने ई–रिक्शा से बैट्री चोरी होने की शिकायत की थी।

### वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

अमत विचार, गोसाईंगंज : थाना क्षेत्र स्थित भदुआ चौराहे के पास शुक्रवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौत हो गई। बाराबंकी के लोनी कटरा के जौरसा गांव निवासी शिवकुमार रावत (25) मजदूरी करता था। शुक्रवार रात करीब आठ बजे शिवकुमार बाइक से गंगागंज चौराहे होते हुए घर वापस जा रहा था। तभी सुल्तानपुर हाईवे पर भदुआ चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। सूचना पर गोसाईंगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जेब में मिले मोबाइल फोन से परिजन को जानकारी दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### निवेश के नाम पर ठगे 4.21 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज के न्यू हैदरगंज स्थित गुलशननगर निवासी मोहित कुमार उर्फ सोनी के अनुसार मोहल्ले की मुन्नी, उनकी बेटी फिजा और अब्दुल मुतल्लिक उर्फ कैफ ने 26 अक्टूबर 2024 को उससे संपर्क किया। आरोपियों ने छह लाख रुपये निवेश करने पर हर महीने 30 हजार रुपये मुनाफा देने का भरोसा दिलाया। इस पर पीड़ित ने बहन से उधार लेकर अगस्त 2025 तक करीब 3.79 लाख रुपये निवेश किए। कुछ रकम वापस करने के बाद आरोपियों ने चेक दिए, जो बाउंस हो गए। रुपये मांगने पर आरोपियों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर तीनों के खिलाफ धोखाधड़ी, गाली–गलौज, मारपीट व धमकी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## सोशल मीडिया के जरिए रचा जा रहा था देश विरोधी साजिश का नेटवर्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- टेलीग्राम, सिग्नल और इंस्टाग्राम से जुड़े थे पाकिस्तानी हैंडलर्स
- रेलवे, ट्रक और खास लोगों की रेकी कर बना रहे थे दहशत की योजना

**अमृत विचार :** देश विरोधी साजिश में शामिल गिरोह का सरगना साकिब उर्फ डेविल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर्स, विभिन्न कट्टरपंथी ग्रुपों तथा अफगानिस्तान के कई नंबरों से जुड़ा था। यह गिरोह टेलीग्राम, सिग्नल और इंस्टाग्राम जैसे माध्यमों का उपयोग कर देश में अस्थिरता फैलाने की साजिश रच रहा था।

जांच में सामने आया कि गिरोह को रेलवे सिग्नल बॉक्स को नष्ट करने, गैस सिलेंडर से भरे ट्रकों में आग लगाने और राजनीतिक व्यक्तियों की रेकी करने के निर्देश दिए जा रहे थे। इनका उद्देश्य भारत में भय का माहौल पैदा करना और आर्थिक नुकसान पहुंचाना था। अभियुक्तों द्वारा कुछ स्थानों पर छोटी आगजनी की घटनाएं भी अंजाम दी गई थीं, जिनके वीडियो पाकिस्तानी हैंडलर्स को भेजे जाते थे और बदले में क्यूआर कोड के माध्यम से पैसे लिए जाते थे।

एटीएस के अनुसार, साकिब के साथ अरबाब भी इस नेटवर्क में सक्रिय था। दोनों ने मिलकर विकास गहलावत उर्फ रौनक और लोकेश उर्फ पपला पंडित को अपने साथ जोड़ा, जो पैसों के लालच में रेकी का काम कर रहे थे। गिरोह गाजियाबाद, अलीगढ़ और लखनऊ में कई महत्वपूर्ण स्थानों की रेकी कर चुका था और उनके वीडियो विदेश भेजे गए थे।

पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि पाकिस्तानी हैंडलर्स "ओसामा बिन लादेन", "गजवा-ए-हिंद" जैसे नामों का उपयोग कर आरोपियों को उकसाते थे। 2 अप्रैल 2026 को लखनऊ रेलवे स्टेशन के पास रेलवे संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने की साजिश भी रची गई थी, लेकिन एटीएस ने समय रहते चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर योजना विफल कर दी। आरोपियों के खिलाफ एटीएस थाने में रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



साकित उर्फ डेविल



लोकेश उर्फ पपला



विकास गहलावत उर्फ रौनक



अरबाब

### डंपर की टक्कर से कार चालक घायल

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** बंथरा स्थित हनुमान मंदिर चौराहे के पास शुक्रवार को कार और डंपर की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद कानपुर रोड पर लंबा जाम लग गया। बंथरा क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में कार्यरत सुनील उपाध्याय कार से विपरीत दिशा में कानपुर की ओर से लखनऊ जा रहे थे। इस दौरान सामने से आ रहे डंपर से कार टकरा गई। हादसे में सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल कार सवार को पास के निजी अस्पताल भेजा।

## रिहायशी इलाके में चल रहे कारखाने में लगी भीषण आग

### थिनर और कैमिकल के ड्रम व कैन फटने से हुए ताबड़तोड धमाके

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तीन दमकल गाड़ियों की मदद से एक घंटे में पाया गया काबू
- चौक में आगा बाकर इमामबाड़े के पास की घटना

**अमृत विचार:** चौक स्थित आगा बाकर इमामबाड़े के पास रिहायशी इलाके में चल रहे प्लास्टिक के खिलौनों और फर्नीचर के अवैध कारखाने में शुक्रवार शाम आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। तपिश के चलते अंदर रखे थिनर और कैमिकल के कैन फटने से ताबड़तोड़ कई धमाके हुए। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही चौक फायर स्टेशन से पहुंची तीन गाड़ियों की मदद से दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। राहत रही कि आग अंदर वेल्डिंग के लिए रखे सिलेंडर तक नहीं पहुंची। वरना हादसा बड़ा हो सकता था।

पाटानाला निवासी जुल्फिकार का आगा बाकर इमामबाड़े के पास प्लास्टिक के खिलौने, बच्चों की गाड़ियां औरस्टडी टेबल बनाने का कारखाना है। शुक्रवार शाम कर्मचारी पड़ोस स्थित मस्जिद में नमाज पढ़ने गए थे, जबकि जमील बाहर खड़ा था। इसी बीच कारखाने के अंदर से धुआं निकलने लगा। धुआं और आग की लपटें निकलती देख जमील ने मदद के लिए शोर मचाया। पानी फेंककर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग बेकाबू होते देखकर दमकल को सूचना दी।

कुछ ही देर में अन्य कर्मचारी और कारखाना मिलाक जुल्फिकार भी पहुंच गए। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय के साथ ही एफएसओ चौक पुष्पेंद्र मौके पर पहुंचे। प्लास्टिक व फर्नीचर जलने से काला दमघोंटू धुआं फैल गया। अंदर रखे कैमेकिल के ड्रम और कैन में ताबड़तोड़ धमाके हुए। जिससे आग तेजी से फैल गयी। दमकल कर्मियों ने चार टीमें बनायी और राहत कार्य शुरु किया। चारों ओर से घेरकर फायर फाइटिंग शुरू की। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। एफएसओ ने बताया कि आशंका है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी।

**बिना एनओसी के चल रहा था कारखाना:** आग बुझाने के बाद दमकल टीम ने जांच की तो कारखाने में अग्नि सुरक्षा उपकरण भी मानक के अनुरूप नहीं थे। न ही पानी की व्यवस्था कहीं आस पास थी। एफएसओ ने बताया कि रिहायशी इलाके में चल रहे कारखाने की एनओसी भी नहीं थी। कारखाना मालिक जुल्फिकार को नोटिस दी जाएगी। बिना रजिस्ट्रेशन के कारखाना अवैध रूप से चल रहा था।



आग लगने के बाद उठता काला धुआं। ● अमृत विचार

### मकान की सीढ़ियों पर लगी आग

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज के मदन मोहन मालवीय मार्ग स्थित तीन मंजिला इमारत की सीढ़ियों में गुरुवार देर रात आग लग गई। आग से सीढ़ियों पर रखा कबाड़ और फर्नीचर जल गया। दमकल कर्मियों ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। एफएसओ हजरतगंज राम कुमार रावत ने बताया कि आग पीसी जैन की तीन मंजिला इमारत में दूसरे तल की सीढ़ियों पर रखे कबाड़ में लगी थी। आग की लपटें बढ़ी और तीसरे तल की भी सीढ़ियां चपेट में आने से जलने लगी। सूचना मिलते ही मौके पर दो गाड़ियां और हाइड्रोलिक प्लेटफार्म पहुंची। खिड़कियों से धुआं बाहर निकाला गया। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया था। आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी।

## अपहरण कर फिरौती वसूलने वाले तीन पकड़े गए, सरगना की तलाश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- माल के पीरनगर निवासी सैलून संचालक व उसके साथी को किया था अगवा
- 55 हजार ऑन लाइन कराये थे ट्रांसफर, एक लाख वसूली थी फिरौती

**अमृत विचार:** माल के पीरनगर निवासी सैलून संचालक शिवा शर्मा और उसके साथी रंजीत साहू को रविवार दोपहर को अगवा कर लिया गया था। उनको सात घंटे तक बंधक बनाकर पीटा गया। शिवा के फोन पे से 55 हजार रुपये खाते में ट्रांसफर कराये गये। वहीं, एक लाख रुपये परिजन से फिरौती वसूली गई। इस मामले में पुलिस ने सोमवार को चार नामजद समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले के तीन आरोपियों को गुरुवार देर रात पकड़ लिया था। उनसे पूछताछ की जा रही है। आरोपियों के बताये ठिकाने पर दबिश देकर गिरोह के सरगना व मुख्य आरोपी की तलाश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक पीरनगर निवासी शिवा शर्मा ने सोमवार को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें माल निवासी ओयो होटल संचालक शेरा सिंह, अनुभव तिवारी, करन सिंह और शनि सिंह उर्फ सत्या ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर उसका और दोस्त रंजीत साहू को अगवा कर लिया। उनको सात घंटे तक अपनी गाड़ी में बंधक बनाकर मारते-पीटते रहे। शहर के कई इलाकों में घुमाया। इसके बाद उसके मोबाइल से 55 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिया। वहीं, शिवा के दोस्त को कॉल किया। उसके भाई देवा से एक लाख रुपये फिरौती मांगी। देवा फिरौती की रकम प्रेरणा स्थल पार्क के पास ले जाकर दिया। इसके बाद आरोपियों दुबग्गा के जागर्स पार्क के पास छोड़ा। इस मामले में पुलिस की जांच शुरू हुई तो सट्टे का काला कारोबार सामने आया। जिसमें यह पूरा गिरोह सक्रिय है। गिरोह का सरगना शनि सिंह उर्फ सत्या है। उसके कहने पर ही शेरा सिंह ने शिवा को बुलाया था। जिसके बाद उसको अगवा किया गया।

**तीन आरोपी हिरासत में, सरगना की तलाश :** पुलिस सूत्रों के मुताबिक इस मामले में तीन आरोपियों शेरा सिंह, अनुभव तिवारी और करन सिंह को पुलिस ने गुरुवार को माल इलाके से पकड़ लिया है। उनसे पूरी रात पूछताछ की गई। वहीं, गिरोह के सरगना शनि सिंह उर्फ सत्या की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है। पुलिस को शुक्रवार को जानकारी मिली थी कि शनि सिंह कचहरी समर्पण करने के लिए पहुंचा था। इस पर पुलिस की एक टीम वहां पहुंची। हालांकि उनके पहुंचने से पहले शनि सिंह कचहरी से निकल चुका था। उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

## बदमाशों ने कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर का छीना मोबाइल

संवाददाता, सरोजनीनगर

- पीड़िता की तहरीर पर नामजद रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** बंथरा इलाके के बनी स्थित स्वास्थ्य केंद्र में तैनात कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर से बुलेट सवार दो बदमाशों ने मोबाइल लूट लिया। पीड़िता ने बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

हेल्थ ऑफिसर प्रज्ञा सिंह ने बताया कि गुरुवार करीब 11 बजे वह स्वास्थ्य केंद्र में बैठी थी। आरोप है कि तभी एक बुलेट सवार दो युवक आए। एक युवक उनके पास आया और आयुष्मान कार्ड बनवाने की बात करने लगे। आरोप है कि इस दौरान युवक ने मेज पर रखा मोबाइल उठा लिया। प्रज्ञा ने विरोध किया तो आरोपी ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद आरोपी अपने साथी के साथ मौके से भाग निकला। घटना के बाद दोनों युवक उनका मोबाइल लेकर बुलेट से जी रेस्ट होटल के सामने से होते हुए लखनऊ-कानपुर हाईवे की ओर फरार हो गए। इंस्पेक्टर बंथरा राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि पीड़िता और आरोपी दोनों एक दूसरे के परिचित है। मोबाइल में आरोपी के कुछ वीडियो थे। पीड़िता की तहरीर पर सरोजनी नगर के बदाली खेड़ा निवासी राहुल तिवारी और उसके एक साथी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## बहनों संग जा रही युवती से छेड़छाड़ विरोध पर भाई का सिर फोड़ा

संवाददाता, आलमबाग

**अमृत विचार:** कृष्णानगर में किसी काम के लिए घर से निकली तीन बहनों का पीछा कर पड़ोसी युवक ने रास्ता रोक लिया। आरोपी बीच सड़क पर छेड़छाड़ करते हुए अभद्रता करने लगा। जानकारी पर पीड़िता के भाई ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाली युवती दो बहनों के साथ किसी काम से घर से बाहर निकली थी। तभी पड़ोसी अश्वनी ने घर से ही उनका पीछा करना शुरू कर दिया। कन्नौसी रेलवे फाटक के पास आरोपी ने तीनों का रास्ता रोक लिया। टोकने पर आरोपी छेड़छाड़ करते हुए उन लोगों से अभद्रता करने लगा। पीड़िता किसी तरह अपने घर पहुंची और भाई को आपबीती बतायी। गुस्से में भाई आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचा। आरोप है कि आरोपी गलती माने की वजह पीड़िता के भाई के साथ अभद्रता करने लगा। विरोध पर ईट से हमला कर दिया। जिससे पीड़िता के भाई के सिर पर चोट आ गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर रात में आरोपी अश्वनी को गिरफ्तार कर लिया।

## सुसाइड नोट पर परिजन का नंबर लिखकर युवक ने की आत्महत्या

संवाददाता, सरोजनीनगर

- घर से दूर जंगल में पेड़ से लटका मिला शव

**अमृत विचार:** बिजनौर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर शाम युवक ने सुसाइड नोट लिखने के बाद जंगल में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन के दौरान सुसाइड नोट मिला। जिसमें परिवार का मोबाइल नंबर लिया। इंस्पेक्टर कपिल गौतम ने बताया कि खुदकुशी की वजह साफ नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

मूलरूप से छत्तीगढ़ निवासी प्रकाश (23) मजदूरी करता था। वह बिजनौर कस्बे में किराए पर रहता था। बड़े भाई आकाश ने बताया कि गुरुवार सुबह प्रकाश घर से काम करने की बात कहकर घर से निकला था। लेकिन देर शाम तक वह घर नहीं लौटा। काफी देर होने पर परिजन ने प्रकाश की खोजबीन शुरु की। जानकारी न मिलने पर परिजन ने बिजनौर थाने में प्रकाश के लापता होने की जानकारी दी। इस बीच राहगीरों ने पुराना गुडौरा जाने वाले रास्ते में जंगल में बबूल के पेड़ में रस्सी से लटके युवक के शव की सूचना दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा। पुलिस को तलाशी के दौरान युवक के पास से एक सुसाइड नोट मिला। जिसमें खुदकुशी करने की बात लिखी थी। साथ ही दो मोबाइल नंबर भी लिखे थे। पुलिस ने कॉल की तो शव की पहचान प्रकाश के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि प्रकाश के माता-पिता की मौत हो चुकी है। माना जा रहा है कि माता-पिता की मौत के बाद से प्रकाश मानसिक रूप से परेशान रहता था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के स्पष्ट कारणों का पता चल सकेगा।

## महिला से छेड़छाड़, पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बाजारखाला इलाके में छेड़छाड़ के विरोध पर एक महिला ने अपने जीजा और कुछ रिश्तेदारों पर हमले का आरोप लगाया है। आरोप है कि विरोध करने पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश की गयी। पुलिस ने नौ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने बताया कि 30 मार्च को वह घर पर अकेली थी। पति काम पर गए थे। इसी दौरान करीब साढे.ग्यारह बजे जीजा घर पर पहुंचे। वह छेड़छाड़ करते हुए जबरदस्ती करने लगे। विरोध करने पर पीटा। इस बीच बड़ी बहन और जीजा के अन्य घरवाले भी आ गए। सभी ने उसके साथ हाथापाई शुरु कर दी। पीड़िता धक्का देकर भागने लगी तो उसपर पेट्रोल उड़ेल दिया। फिर आग लगाने की कोशिश की। किसी तरह वह बच्ची को लेकर भागने में सफल हो गयी। पीड़िता ने मामले की शिकायत बाजारखाला कोतवाली पर की। आरोप लगाया कि बहनें और भतीजी पहले भी मारपीट कर चुकी हैं। पीड़िता ने अपने जीजा और बहन नौ के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

दुस्साहस | गंभीर हालत में दोनों अस्पताल में भर्ती

## मारपीट की शिकायत पर चाकू से हमला, फेंका तेजाब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फैजुल्लागंज इलाके की घटना, मड़ियांव थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** मड़ियांव के फैजुल्लागंज इलाके में पुलिस चौकी पर मारपीट की शिकायत करना दो दोस्तों को भारी पड़ गया। दबंगों ने प्राइवेट नौकरी करने वाले रमजान अली और उसके साथी नासिर पर हमला कर दिया। आरोपियों ने पहले डंडों से पीटा, फिर चाकू से हमला किया और तेजाब फेंक दिया। वारदात के बाद आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। दोनों घायलों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

रमजान अली के अनुसार गुरुवार रात ड्यूटी से लौटते समय चांद, मुहर अली और मोहम्मद रजमान ने उन्हें रोककर गाली-गलौज और मारपीट की। किसी तरह बचकर वह फैजुल्लागंज चौकी पहुंचे और शिकायत दी, जहां पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें घर भेज दिया। कुछ देर बाद आरोपी उनके घर पहुंच गए और दोबारा हमला कर दिया।

बचाव में पहुंचे नासिर को भी हमलावरों ने चाकू मार दिया। दोनों घायल होकर गिर पड़े, जिसके बाद आरोपियों ने तेजाब फेंक दिया और फरार हो गए। शोर सुनकर पहुंचे लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा के मुताबिक आरोपियों की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि तेजाब लाया गया था, लेकिन फेंका नहीं जा सका, जबकि चाकू से हमला हुआ है। घायल रमजान अली का आरोप है कि चौकी पर शिकायत के बावजूद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई नहीं की। उनका कहना है कि समय पर कदम उठाया जाता तो यह घटना नहीं होती।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

अमृत विचार , लखनऊ : विकास नगर में हुए सड़क हादसे में घायल पिंटू पाल (36) की गुरुवार को मौत हो गई। मृतक के भाई शिवम ने बताया कि पिंटू हरदोई स्थित बघौली अर्मी गांव में पत्नी शशि और दो बेटियों के संग रहते थे। वह सुशांत गोल्फ सिटी स्थित खुरदही बाजार में गाड़ियों का प्रदूषण चेक करने का काम करते थे। बुधवार रात करीब आठ बजे पिंटू बाइक से घर लौट रहा था। तभी विकास नगर स्थित खुर्रम नगर ओवरब्रिज पर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिंटू को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया। गुरुवार को इलाज के दौरान घायल ने दम तोड़ दिया।

## निजी कंपनी कर्मचारी के पैर पर चढ़ाया ई-रिक्शा, विरोध पर पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सरोजनीनगर स्थित नादरगंज में ई-रिक्शा चालक ने शुक्रवार सुबह निजी कंपनी कर्मी के पैर पर पहिया चढ़ा दिया। दर्द से कराहते हुए पीड़ित ने विरोध किया तो चालक ने पांच-छह चालकों के साथ मिलकर उसे घेर लिया। उसके बाद हमलवारों ने बीच सड़क पर जमकर पीटा। राहगीर बचाने को दौड़े तो हमलावर फरार हो गए। पीड़ित सर्वेश ने सरोजनीनगर थाने में छह हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है।

गोमतीनगर निवासी सर्वेश शुक्ला नादरगंज स्थित एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे वे पैदल कंपनी जा रहे थे। नादरगंज पुलिस चौकी के पास ई-रिक्शा स्टैंड के निकट पीछे से आए एक ई-रिक्शा ने उसे टक्कर मार दी। सर्वेश के विरोध किया तो चालक ने दो-तीन बार ई-रिक्शा चढ़ाने की कोशिश की। उसके बाद धमकाते हुए पैर पर ई-रिक्शा का पहिया चढ़ा दिया। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर चालक ने अपने अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया। इसके बाद सभी ने मिलकर उसे सड़क पर बेरहमी से पीटा। मारपीट में सर्वेश गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह उसे बचाया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।

### मजदूर ने फंदा लगाकर दी जान

**अमृत विचार, लखनऊ:** गोसाईंगंज के साहनटोला निवासी सुधीर निगम (45) मजदूरी करता था। बड़े भाई सुनील ने बताया कि सुधीर शराब पीने का लती था। वह घर के पास आलोक कुमार के मकान में किराए पर रहता था। होली के बाद से सुधीर घर नहीं आता था। शुक्रवार सुबह मकान मालिक आलोक कुमार ने खिड़की से झांककर देखा कि सुधीर गमछे से कुंडे के सहारे फंदे से लटक रहा था। मकान मालिक ने घटना की जानकारी पुलिस और परिजन को दी। सूचना पर पहुंची गोसाईंगंज पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सिटी ब्रीफ

### किसानों ने की बैठक 8 को करेंगे प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी ने शुक्रवार को चिनहट स्थित कार्यालय पर किसानों के साथ मासिक बैठक की। अध्यक्ष अशोक यादव ने पदाधिकारियों के साथ गोमती नगर योजना के तहत अधिग्रहित भूमि का किसानों को संपूर्ण भुगतान न मिलने पर चर्चा की। अशोक ने बताया कि 40 वर्ष पूर्व एलडीए ने किसानों की जमीन अधिग्रहित की थी। आज तक संपूर्ण भुगतान नहीं हुआ है। किसान कई बार एलडीए में धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं। उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। बैठक में तय हुआ कि 8 अप्रैल को किसान कैसरबाग स्थित मंडलायुक्त कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद भी मांग पूरी न हुई तो मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करेंगे।

# गिरजाघरों में श्रद्धा के साथ मना गुड फ्राइडे

## यीशु मसीह के बलिदान को याद कर निकाले गए जुलूस, प्रमुख गिरजाघरों में हुई विशेष प्रार्थनाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी के विभिन्न गिरजाघरों में गुड फ्राइडे श्रद्धा, शांति और भावनात्मक वातावरण के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ईसा मसीह के बलिदान की स्मृति में उनके प्रतीक को सूली पर चढ़ाकर जुलूस निकाले गए और श्रद्धालुओं ने विशेष प्रार्थनाएं कर विश्व शांति की कामना की।

हजरतगंज स्थित कैथेड्रल चर्च, लालबाग का मेथोडिस्ट चर्च, होली रिडीमर चर्च और असेंबली ऑफ बिलीवर्स चर्च सहित शहर के प्रमुख गिरजाघरों में सुबह से ही भीड़ उमड़ पड़ी। गुड फ्राइडे की पूर्व संध्या से ही प्रार्थनाओं का क्रम शुरू हो गया था,



हजरतगंज स्थित कैथिड्रल चर्च में गुड फ्राइडे पर झांकी निकालते ईसाई समुदाय के लोग। अमृत विचार

जो शुक्रवार को विशेष आराधना के साथ संपन्न हुआ। फादर मॉरिस ने बताया कि अलीगंज स्थित असेंबली ऑफ बिलीवर्स चर्च में दोपहर 12 से 3 बजे तक विशेष आराधना हुई। कार्यक्रम की शुरुआत भाई अंकुर के गीत से हुई, जिसने श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। "जो क्रूस पे जाती है" और "जो क्रूस पे कुर्बान है" जैसे भजनों ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। पादरी मॉरिस कुमार ने यीशु मसीह के सात वचनों का वर्णन करते हुए प्रेम, क्षमा और त्याग का संदेश दिया।

कार्यक्रम में "क्रूस का मंजर" लघुनाटिका और बच्चों की कोरियोग्राफी ने उपस्थित लोगों को भावुक किया। लगभग 120 लोगों ने इसमें भाग लिया। वहीं बुद्धेश्वर स्थित 'दया का घर' में बेतसैदा फैलोशिप ट्रस्ट के तत्वावधान में कार्यक्रम हुआ, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। आर्चबिशप डॉ. आरसी शेत ने यीशु के बलिदान को मानवता के उद्धार का संदेश बताया। साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया।

# 60 साल से अधिक उम्र के कलाकारों ने गायकी के हुनर से बांधा समां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गणेश वंदना से की गई कार्यक्रम की शुरुआत

**अमृत विचार :** फेस्का फिल्म्स एवं नटराज रिकॉर्डिंग स्टूडियो के संयुक्त तत्वाधान में कराओके महफिल का आयोजन अलीगंज स्थित एक रेस्टोरेंट में किया गया। इस आयोजन की खास बात यह रही कि अधिकांश कलाकार 60 वर्ष से अधिक उम्र के थे, जिन्होंने अपने सुरीले अंदाज में दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

फेस्का फिल्म्स के निर्देशक राजीव प्रकाश ने बताया कराओके महफिल कोई संगीत प्रतिभा प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए संगीत की महफिल का प्रतिष्ठित मंच तैयार किया गया है, जिसमें जीवन भर की भाग दौड़ की जिम्मेदारियों को निभाते चले आ रहे लोग अब अपनी प्रतिभा को दिखाएंगे ही नहीं बल्कि घर के अकेलेपन को भी इस मंच पर साझा कर जीवन को एक नई दिशा दे पाएंगे।

इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में फीचर फिल्म लाल दाना के प्रस्तुतकर्ता एवं निर्देशक राजेश श्रीवास्तव, फिल्म कलाकार देवेंद्र मोदी, सीएसआर सिंह, शशि मोदी, आभा प्रकाश आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की गई।

# रोबोटिक सर्जरी यूनिट में अव्यवस्था पर सिस्टर इंचार्ज को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ओटी ड्रेस व जरूरी सामग्री न मिलने पर चिकित्सा अधीक्षक सख्त

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के शताब्दी फेज-1 स्थित रोबोटिक सर्जरी यूनिट में बदइंतजामी का मामला सामने आने पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। ऑपरेशन के दौरान इस्तेमाल होने वाली जरूरी सामग्री उपलब्ध न कराए जाने के मामले को चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश कुमार ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने रोबोटिक सर्जरी यूनिट की सिस्टर इंचार्ज को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। नोटिस में पूछा गया है कि आखिर ऑपरेशन के दौरान उपयोग में आने वाली सामग्री जैसे ओटी ड्रेस, जूते और चप्पल स्टोर से क्यों नहीं मंगाए गए।

अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि इस लापरवाही के कारण डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और कर्मचारियों को ऑपरेशन से पहले खुद ही जरूरी सामान ढोना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, मरीजों को भी अपने संबंधित विभागों से ओटी ड्रेस पहनकर रोबोटिक सर्जरी यूनिट तक आना पड़ रहा है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है।


रोबोटिक सर्जरी से पहले चिकित्सक खुद ले जा रहे ओटी की ड्रेस, जूते, चप्पल

बच्चों में रोबोटिक सर्जरी पर कार्यशाला आज से

अमृत विचार ने मामले को शुक्रवार के अंक में प्रमुखता से उठाया था।

### यह है मामला

- शताब्दी फेज-1 की पहली मंजिल पर स्थित रोबोटिक सर्जरी यूनिट में विभिन्न विभागों के डॉक्टर ऑपरेशन करने आते हैं। यहां डॉक्टरों और कर्मचारियों के लिए ओटी ड्रेस सहित अन्य आवश्यक संसाधनों की समुचित व्यवस्था नहीं है। इसके चलते उन्हें अपने-अपने विभागों से ही ड्रेस, जूते और चप्पल लाने पड़ रहे हैं। इस अव्यवस्था से न केवल समय की बर्बादी हो रही है, बल्कि सर्जरी की तैयारियों और गुणवत्ता पर भी असर पड़ रहा है। प्रशासन ने मामले में जल्द सुधार के निर्देश दिए हैं। इस मामले को अमृत विचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

# एआई से स्तन कैंसर की शुरुआती पहचान संभव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसजीपीजीआई सम्मेलन में विशेषज्ञों ने बताई नई तकनीकों की भूमिका, सटीक जांच व व्यक्तिगत इलाज पर जोर
- देश-विदेश के विशेषज्ञ लखनऊ में जुटे, एआई और न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी पर विशेष फोकस

**अमृत विचार:** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) की ओर से आयोजित एसजीपीजीआई ब्रेस्ट कोर्स 2026 एवं इंडियन एसोसिएशन ऑफ एंडोक्राइन सर्जन्स (आईएईएस मिडकॉन) का मध्यावधि सम्मेलन शुक्रवार को शुरू हुआ। "स्तन कैंसर में परिशुद्धता, संरक्षण और वैयक्तिकरण" विषय पर आधारित इस तीन दिवसीय सम्मेलन में देश-विदेश के 130 से अधिक संकाय सदस्य, 110 प्रतिनिधि और 100 से अधिक स्नातक छात्र शामिल हुए।

अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ डॉ. मिकेल हार्टमैन (सिंगापुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय) ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक मैमोग्राफी और अन्य इमेजिंग जांचों का सूक्ष्म विश्लेषण कर स्तन कैंसर के शुरुआती संकेत पहचानने में सक्षम है। इससे डॉक्टरों को सटीक निर्णय लेने में मदद मिलती है और मरीज के लिए व्यक्तिगत उपचार योजना तैयार करना आसान हो जाता है।

विशेषज्ञों ने बताया कि एआई के उपयोग से जांच की गुणवत्ता में सुधार होता है और गलत रिपोर्ट की संभावना कम होती है। यह तकनीक संसाधन सीमित क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता की कमी को दूर करने में सहायक साबित हो सकती है। उद्घाटन समारोह में एसजीपीजीआई के निदेशक डॉ. आरके धीमन और डीन डॉ. शालीन कुमार सहित कई वरिष्ठ विशेषज्ञ मौजूद रहे। इस अवसर पर ब्रेस्ट कोर्स मैनुअल का अनावरण और "एसेंशियल्स ऑफ ब्रेस्ट सर्जरी" पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

### रोबोटिक सर्जरी गंभीर ऑपरेशनों में वरदान : डॉ. विजई

- अमृत विचार, लखनऊ : संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में आयोजित बच्चों की रोबोटिक सर्जरी कार्यशाला में विशेषज्ञों ने आधुनिक चिकित्सा तकनीकों के महत्व पर प्रकाश डाला। तमिलनाडु से आए डॉ. विजई ने कहा कि रोबोटिक सर्जरी गंभीर और जटिल ऑपरेशनों में अधिक कारगर साबित हो रही है। यह तकनीक न केवल ऑपरेशन को अधिक सटीक बनाती है, बल्कि मरीजों के लिए सुरक्षित और कम कष्टदायक विकल्प भी प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि रोबोटिक सर्जरी का सबसे बड़ा लाभ छोटे चीरे हैं। पारंपरिक सर्जरी के विपरीत इसमें बड़े कट लगाने की आवश्यकता नहीं होती, जिससे मरीज को कम दर्द होता है और संक्रमण का खतरा भी काफी कम हो जाता है। यही कारण है कि मरीज जल्दी स्वस्थ होकर सामान्य जीवन में लौट पाते हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. बसंत कुमार ने कहा कि इस तकनीक में रक्तस्राव बेहद कम होता है, जो जटिल ऑपरेशनों के दौरान अत्यंत महत्वपूर्ण है। कम रक्तस्राव से मरीज की स्थिति स्थिर रहती है और ऑपरेशन की सफलता दर बढ़ जाती है। साथ ही, रिकवरी का समय भी कम होने से अस्पताल में भर्ती रहने की अवधि घट जाती है।



कलश यात्रा में शामिल पीले वस्त्र धारण किए महिलाएं। अमृत विचार

# श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पहले दिन निकाली मंगल कलश यात्रा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ हरिश्चंद्र वंशीय समाज महिला समिति सुहासिनी की ओर से शुक्रवार से 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ राजाबाजार स्थित गीता भवन में हुआ। कथा से पहले कलश यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा की शुरुआत रस्तोगी टोला, राजाबाजार स्थित प्राचीन बिहारी जी मंदिर से हुई। विभिन्न मार्गों से होते हुए कलश यात्रा कथा स्थल गीता भवन पहुंचकर सम्पन्न हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में पीले वस्त्र धारण किए हुए महिलाएं सिर पर मंगल कलश लिए चल रही थीं। भांगड़ा और ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकती महिलाएं और हवा में गूंजते प्रभु के जयकारों ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया।

संस्था की अध्यक्ष रागिनी रस्तोगी ने बताया कि यह कथा आज से शुरू होकर 9 अप्रैल तक रोजाना दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगी। कथा का रसपान लखनऊ के कथा वाचक आचार्य उमेश कुमार मिश्रा कथा के माध्यम से भागवत मर्म समझाएंगे। कलश यात्रा के बाद विधि-विधान से पूजन-अर्चन और दीप प्रज्ज्वलन कर कथा का विधिवत शुभारंभ किया गया। कथा के पहले दिन भागवत के महत्व की महिमा का गुणगान किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक क्षमा रस्तोगी, हरजीवन रस्तोगी, संजीव रस्तोगी, लोकेश रस्तोगी, सुमित रस्तोगी और प्रमोद मुदित मौजूद रहे।

# महिलाओं को सक्षम बनाएंगी फिक्की फ्लो की नई राष्ट्रीय अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** फिक्की लेडीज आर्गनाइजेशन (फ्लो) की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूजा गर्ग ने शुक्रवार को होटल फार्च्यून में पत्रकारों से मुलाक़ात में कहा कि वह अपने एक वर्ष के कार्यकाल में महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में काम करेंगी। पूजा फिक्की फ्लो की 43वीं राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। सिमरन साहनी को फ्लो के लखनऊ चैप्टर का चेयरपर्सन बनाया गया है। पूजा गर्ग ने बताया कि महिलाओं के लिए वो एक सक्षम वातावरण तैयार करेंगी। जो उद्यमिता, उद्योग में भागीदारी और महिलाओं के आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है।

नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष पूजा गर्ग ने कहा कि जब मैं पूरे भारत की इस असाधारण महिला समूह का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी ले रही हूं, तो मेरा दृष्टिकोण स्पष्ट और गहराई से प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि पर्यटन के क्षेत्र के विकास की दिशा में सरकार काफी काम कर



पत्रकारों से मुखातिब फिक्की फ्लो की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूजा गर्ग व अन्य।

- स्वाति वर्मा ने राष्ट्रीय पहल प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला

रही है लेकिन फ्लो को लगता है कि अगर दर्शनीय पर्यटन स्थलों पर ऐसी महिला गाइड हों जो अंग्रेजी भी अच्छी जानती हों तो पर्यटकों को ऐसे स्थानों के बारे में जानने में आसानी होगी। फ्लो लखनऊ चैप्टर की कार्यकारी समिति का नेतृत्व नई चेयरपर्सन सिमरन साहनी कर रही हैं। सिमरन साहनी एक न्यूट्रिशनिस्ट और उद्यमी हैं, जिन्हें 25 से अधिक वर्षों का अनुभव है और वे हेल्थ जोन और वैलनेस और कीरोज़ फ़ूड की सह-संस्थापक हैं। लखनऊ चैप्टर की कार्यकारी समिति में निवर्तमान अध्यक्ष वंदिता अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवांशी सेठ, उपाध्यक्ष निवेदिता सिंह, कोषाध्यक्ष मिताली ओसवाल, सचिव प्रज्ञा अग्रवाल, संयुक्त कोषाध्यक्ष अदिति जग्गी रस्तोगी और वसुधा जैन बनी है। स्वाति वर्मा ने राष्ट्रीय पहल प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला है।

# तीन दिन बाद मिल रही सीएचसी में दिए सैंपल की जांच रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नियम के अनुसार जांच रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर उपलब्ध होनी चाहिए

**अमृत विचार :** सीएमओ अधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में खून की जांच कराने के बाद मरीजों को रिपोर्ट के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। गर्भवती महिलाओं और सामान्य मरीजों को नमूना देने के तीन दिन बाद तक रिपोर्ट मिल रही है, जिससे उनके इलाज में बाधा उत्पन्न हो रही है। जबकि नियम के अनुसार जांच रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर उपलब्ध होनी चाहिए।

जिन जांचों की सुविधा सीएचसी में उपलब्ध नहीं है, उनके नमूने बड़े अस्पतालों को भेजे जा रहे हैं। इससे रिपोर्ट आने में अनावश्यक देरी हो रही है। साथ ही मरीजों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भी जांच रिपोर्ट नहीं भेजी जा रही, जिससे उन्हें बार-बार अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। पुरनिया निवासी 25 वर्षीय संगीता ने एक अप्रैल को अलीगंज सीएचसी की ओपीडी में चिकित्सक को दिखाया था। डॉक्टर जरिए लिखी गई जांच के लिए उसने सीएचसी में नमूना दिया,




जिसे जांच के लिए बीकेटी के राम सागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय भेजा गया। शुक्रवार को रिपोर्ट लेने पहुंची संगीता को हाफ डे ओपीडी होने के कारण रिपोर्ट नहीं मिल सकी। इसी तरह गर्भवती महिला शिवानी कश्यप ने 24 मार्च को सीएचसी में सैंपल दिया था, लेकिन उसे भी तीन दिन बाद दोबारा आकर रिपोर्ट लेनी पड़ी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि जिन जांचों की सुविधा सीएचसी में नहीं है, उनके नमूने बड़े अस्पतालों को भेजे जाते हैं। रिपोर्ट में हो रही देरी को लेकर संबंधित संस्थान को पत्र भेजा जाएगा, ताकि मरीजों को असुविधा न हो।

सिटी डायरी



ईएमटी को सम्मानित करते सीएमओ लखनऊ।

### एम्बुलेंस में कार्यरत ईएमटी सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवा प्रदाता संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज की ओर से ईएमटी दिवस मनाया गया। राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में एम्बुलेंस सेवाओं में कार्यरत इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें प्रशस्ति पत्र और प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। संस्था के प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी ने सभी ईएमटी को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्री-हॉस्पिटल केयर में ईएमटी की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। किसी भी मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में सबसे पहले मौके पर पहुंचकर मरीज को जीवनरक्षक सहायता प्रदान करने का कार्य ईएमटी ही करते हैं। उन्होंने ईएमटी को आपातकालीन सेवाओं का असली हीरो बताया। उन्होंने कहा कि ईएमटी अपने धैर्य, साहस और सेवाभाव से न केवल लोगों की जान बचा रहे हैं, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा भी बन रहे हैं।



बैठक में मौजूद माहेश्वरी समाज के लोग।

### माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष बने गोविंद

**अमृत विचार, लखनऊ :** शास्त्री नगर स्थित राधे श्याम जाजू के निवास पर आयोजित हुई बैठक में माहेश्वरी समाज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान विनोद प्रकाश एवं संजय काबरा नामित पर्यवेक्षक पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं चुनाव अधिकारी विष्णु कांत माहेश्वरी की मौजूदगी रही। अध्यक्ष पद पर गोविंद माहेश्वरी को निर्विरोध चुना गया। कार्यसमिति में निखिल माहेश्वरी एवं निर्भय प्रकाश माहेश्वरी को उपाध्यक्ष, विनम्र माहेश्वरी को मंत्री, नितिन माहेश्वरी को अर्थ मंत्री, राजीव माहेश्वरी को संगठन मंत्री, गौरव माहेश्वरी को प्रचार मंत्री तथा सताक्षी नंदन माहेश्वरी एवं विक्की माहेश्वरी को संयुक्त मंत्री बनाया गया है। सदस्य पद पर अमर कुमार माहेश्वरी सहित अन्य सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही नई कार्यसमिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई।



कृष्णा नगर इकाई नवनियुक्त सदस्य एवं पदाधिकारी।

### संयुक्त व्यापार मंडल कृष्णानगर इकाई के अध्यक्ष बने शिव मोहन

**अमृत विचार, लखनऊ :** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल ने संगठन विस्तार देते हुए कानपुर रोड कृष्णा नगर इकाई का गठन किया है। व्यापारियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। यह जानकारी व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि इकाई के अध्यक्ष के रूप में शिव मोहन श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार पुरी, उपाध्यक्ष अमन चन्दानी, संरक्षक प्रकाश भानु द्विवेदी, संयुक्त मंत्री अजय गोलियानी तथा संगठन मंत्री राजेश कुमार पांडे, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कल्पना द्विवेदी, मल्लिका श्रीवास्तव महासचिव स्मिता अग्रवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



माल में निकली वीर हनुमान हिंदू सुरक्षा यात्रा में शामिल लोग।

### निकली वीर हनुमान हिंदू सुरक्षा यात्रा

**अमृत विचार, माल :** माल में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया के निर्देश पर शुक्रवार को वीर हनुमान हिंदू सुरक्षा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा कस्बे की आम मंडी से शुरू होकर मुख्य चौराहा होते हुए पुन: आम मंडी में समाप्त हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांत संगठन मंत्री वेद सचान रहे। यात्रा में शामिल लोगों ने उत्साह के साथ नारे लगाते हुए सहभागिता की।

कला-संस्कृति

समारोह में शामिल हुए विभिन्न कलाओं से जुड़े कलाकार

# गीत-संगीत के साथ मना कलाकार मिलन समारोह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** विश्व हिन्दी रंगमंच दिवस पर कलाकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में कलाकार मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में विभिन्न कलाओं से जुड़े कलाकार शामिल हुए।

33वें कलाकार मिलन समारोह की शुरुआत प्रसिद्ध गायक मिथिलेश लखनवी ने रवीन्द्र जैन द्वारा लिखित और संगीतबद्ध श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम, लोग करें मीरा को यूं ही बदनाम... से की। गायक प्रदीप अली और



कार्यक्रम में गीत गाते मिथिलेश लखनवी। अमृत विचार

गायिका स्तुति अवस्थी की भावपूर्ण गायकी को भी लोगों ने खूब पसंद किया। कलाकार एसोसिएशन के सचिव विनोद मिश्र ने बताया कि कला और संस्कृति समाज की आत्मा होती है। इन्हीं के माध्यम से हमारी परंपराएं और संस्कार आगे बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में रंगमंच और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है, ताकि नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ी रह सके। उन्होंने यह भी कहा कि कलाकार समाज का दर्पण होता है, जो अपनी कला के माध्यम से समाज की सच्चाई को प्रस्तुत करता है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष संगम बहुगुणा ने बताया कि 33 साल पहले कलाकार एसोसिएशन ने इसी राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह से अपना सफ़र शुरू किया था। एसोसिएशन ने विभिन्न विधाओं के कलाकारों को एकजुट किया और कलाकारों की तमाम समस्याओं को हल कराया। इस एसोसिएशन ने आपसी संवाद और सहयोग को मजबूती दी। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाले कलाकारों को सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के उपाध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव और राजेश जायसवाल के अलावा वरिष्ठ रंगकर्मी मृदुला भारद्वाज, ज्ञानेश्वर मिश्र ज्ञानी, अशोक सिन्हा, शैलेश श्रीवास्तव, अजय द्विवेदी, योगेंद्र जोशी और प्रदीप श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रंगकर्मी नवल शुक्ला ने किया।

## सिटी ब्रीफ

### पर्णिका को एक लाख डालर से ज्यादा की स्कॉलरशिप



**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस की छात्रा पर्णिका शुक्ला ने पुर्तगाल के प्रतिष्ठित फारवर्ड कॉलेज से उच्चशिक्षा हेतु 1,13,500 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप अर्जित किया है। सीएमएस छात्रा को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। पर्णिका ने इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया है। संस्थापिका निदेशिका डा. भारती गांधी ने छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि पर्णिका को पुर्तगाल के फारवर्ड कॉलेज के अलावा जर्मनी की लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया की मोनाश यूनिवर्सिटी एवं कैनडा की मैकगिल यूनिवर्सिटी से भी उच्चशिक्षा का आमंत्रण प्राप्त हुआ है। इस वर्ष सीएमएस के 90 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर प्रदेश का नाम रोशन किया है।


### भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के मैनेजर बने डॉ. आनंद किशोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय को श्रीलंका में होने वाली अंतरराष्ट्रीय टी-20 सीरीज के लिए भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम का मैनेजर तैनात किया गया है। कोलंबो में तीन से पांच अप्रैल तक चलने वाली इस सीरीज का आयोजन डिफरेंटली एबल्ड फेडरेशन फॉर क्रिकेट (डीएफसी) की ओर से किया जा रहा है। भारतीय टीम कोलंबो पहुंच चुकी है। भारत अपना पहला मुकाबला चार अप्रैल को श्रीलंका के विरुद्ध खेलेगा। डॉ. पाण्डेय की इस कामयाबी पर आरएसजी स्टेडियम के निदेशकों ने खुशी जाहिर करते हुए इसे यूपी खेल जगत के लिए गौरव का विषय बताया है।

# इंटरमीडिएट छात्रों के लिए एआई कोर्स शुरू

## एआई अवेयरनेस प्रोग्राम में निशुल्क पंजीकरण शुरू, 15 अप्रैल से 20 घंटे का ऑनलाइन पाठ्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के इंटरमीडिएट छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की विभिन्न विधाओं में निपुण बनाने के लिए एआई अवेयरनेस प्रोग्राम शुरू किया गया है। अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा के निर्देश पर कक्षा 11 व 12 के छात्र-छात्राओं के लिए यह पहल की गई है। कार्यक्रम के तहत विभिन्न ऑनलाइन कोर्स कराए जाएंगे। इसके लिए निश्शुल्क पंजीकरण शुरू हो चुका है, जो 9 अप्रैल तक चलेगा, जबकि 15 अप्रैल से 20 घंटे का ऑनलाइन पाठ्यक्रम आरंभ होगा।

लखनऊ मंडल के विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि सभी बोर्ड के विद्यालयों को विद्यार्थियों के नामांकन के लिए लिंक उपलब्ध कराया गया है। छात्र-छात्राएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पंजीकरण कर सकते हैं। संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार ने मंडल के सभी जिलों को अधिकतम नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

- 15 अप्रैल 2026 से 60 दिनों तक खुला रहेगा ऑनलाइन कोर्स का विंडो

**उपलब्ध पाठ्यक्रम**

- कार्यक्रम के तहत एआई इंटरमीडिएट शिक्षा, सुशासन में नैतिकता, युवा एआई फॉर ऑल, डेटा प्रोडक्ट डिजाइन, संचार के बुनियादी तत्व और अन्य विषयों पर पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं।

**छात्रों को मिलेंगे 2 क्रेडिट पॉइंट्स**

गोरखपुर के महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा टीसीएस और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को 2 क्रेडिट पॉइंट्स के साथ प्रमाण पत्र दिया जाएगा। नामांकन से संबंधित समस्या होने पर विद्यार्थी डॉ. हरिओम शरण और डॉ. विनम्र शर्मा से संपर्क कर सकते हैं।

**अधिकारियों को मिलेगा एआई दक्ष का खिताब**

- मिशन कर्मयोगी के तहत अधिकारियों और कर्मचारियों को भी एआई से जुड़े तीन कोर्स करने होंगे, जिन्हें पूरा करने पर "एआई दक्ष" का खिताब और प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

# प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों का शैक्षिक कैलेंडर जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अप्रैल माह में विषयवार और कक्षावार 10 प्रतिशत पाठ्यक्रम पूरा किया जाना चाहिए
- खान एकेडमी के डिजिटल संसाधनों के प्रयोग की सलाह

**अमृत विचार:** स्कूल शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय से परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के लिए शैक्षिक कैलेंडर जारी कर दिया गया है। इस शैक्षिक और शैक्षणिक गतिविधियों वाले कैलेंडर में अप्रैल 2026 से लेकर मार्च 2027 तक की गतिविधियों का ब्यौरा दिया गया है। जिसमें खान एकेडमी के डिजिटल संसाधनों के प्रयोग की सलाह दी गई है। साथ ही कहा गया है कि अप्रैल माह में विषयवार और कक्षावार 10 प्रतिशत पाठ्यक्रम पूरा किया जाना चाहिए।

कैलेंडर में सभी माह में विभिन्न गतिविधियों का भी विस्तार से उल्लेख किया गया। इसे लेकर शिक्षकों ने स्वागत किया है। बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2026-27 हेतु एकेडमिक कैलेंडर जारी करने से शिक्षकों को पाठ्यक्रम को समय से पूरा कराने में आसानी होगी। यह शिक्षक और छात्र दोनों के हित में हैं।

# मशाल जुलूस 13 को निकालेंगे प्राथमिक शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- टीईटी मुद्दे पर करीब दो दर्जन संगठन हुए एकजुट
- आरोप, शिक्षकों के भविष्य को लेकर सरकार गंभीर नहीं

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले करीब दो दर्जन संगठन टीईटी अनिवार्यता के विरोध में लामबंद होकर संघर्ष की तैयारी में हैं। महासंघ के आह्वान पर 13 अप्रैल को प्रदेश भर में मशाल जुलूस निकाला जाएगा। राष्ट्रीय संयोजक सुशील कुमार पांडे ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बैठकों का दौर जारी है और जुलूस को लेकर रणनीति तैयार की जा रही है।

उन्होंने बताया कि गाजियाबाद, एटा, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, गोंडा और प्रयागराज सहित कई जिलों में संगठन के पदाधिकारियों से संवाद कर प्रत्येक न्याय पंचायत, ब्लॉक और जिला स्तर पर प्रभारी व समन्वयक नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि संगठन लगातार आंदोलन कर रहा है, लेकिन सरकार शिक्षकों के भविष्य को लेकर गंभीर नहीं है।

शिक्षक नेताओं ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता से शिक्षकों को बदनाम किया जा रहा है। अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु और विवेकानंद आर्य ने इसे साजिश बताया, जबकि दिनेश विद्रोही ने आंदोलन जारी रखने की बात कही।

# लविवि में बीबीए एलएलबी समेत कई नए पाठ्यक्रम शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लविवि ने की सीटों और पाठ्यक्रमों में बढ़ोतरी
- बीए में 1430, बीएससी में 442 सीटें बढ़ीं
- बीसीए में चार नए कोर्स शुरू



**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से विभिन्न पाठ्यक्रमों और सीटों में उल्लेखनीय वृद्धि की है। स्नातक स्तर पर बीए (सेल्फ फाइनेंस) में सभी विषयों को मिलाकर करीब 1430 सीटें बढ़ाई गई हैं, जिनमें ईडब्ल्यूएस श्रेणी शामिल है। बीएससी गणित में 287 और बीएससी प्राणी विज्ञान में 155 सीटों की वृद्धि की गई है।

कंप्यूटर विज्ञान विभाग में बीसीए के चार नए पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं, जिनमें बीसीए (एआई एवं मशीन लर्निंग), बीसीए (डाटा साइंस), बीसीए (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) और बीएससी (साइबर सिक्योरिटी) शामिल हैं। प्रत्येक में 75 सीटें निर्धारित की गई हैं। एमएससी एआई, साइबर सिक्योरिटी और डाटा साइंस में 50-50 सीटें तय की गई हैं, जबकि एमएससी कंप्यूटर साइंस की सीटें बढ़ाकर 25 कर दी गई हैं। विधि संकाय में एलएलबी (5 वर्षीय) की सीटें 176 से बढ़ाकर 330 कर दी गई हैं और बीबीए एलएलबी (5 वर्षीय) नया पाठ्यक्रम शुरू किया गया है।

एनआरआई और एनआरआई प्रायोजित छात्रों के लिए 30 सीटें तय की गई हैं, जिनकी ट्यूशन फीस 7000 डॉलर प्रतिवर्ष होगी। वाणिज्य संकाय में बीकॉम, बीकॉम (ऑनर्स) और एमकॉम में सीटें बढ़ाई गई हैं, जबकि होटल मैनेजमेंट में 75 सीटें निर्धारित की गई हैं।

एमए समाजशास्त्र में नया सेक्शन और पीजी डिप्लोमा कोर्स शुरू किए गए हैं। इसके अलावा एमफार्मा (16 सीटें) और मास्टर इन न्यूट्रिशनल साइंस (75 सीटें) की पढ़ाई भी शुरू होगी। विश्वविद्यालय में माइनर डिग्री प्रोग्राम भी लागू किया गया है।

# भाषा विश्वविद्यालय में 98 पाठ्यक्रमों में प्रवेश शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वेबसाइट या प्रवेश पोर्टल के माध्यम से छात्र कर सकते हैं आवेदन



**अमृत विचार:** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कुल 98 शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। इस वर्ष भी बहुविषयक एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया आरंभ की गई है। विश्वविद्यालय के कला एवं मानविकी, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, वाणिज्य, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी, विधि एवं फार्मेसी संकायों के अंतर्गत कुल 98 कार्यक्रमों में प्रवेश के अवसर उपलब्ध हैं। इन कार्यक्रमों में स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम शामिल हैं। प्रमुख विषयों में अरबी, फारसी, हिंदी, अंग्रेजी, पत्रकारिता एवं जनसंचार, शिक्षा, कंप्यूटर साइंस, बायोटेक्नोलॉजी आदि सम्मिलित हैं।

इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.kmclu.ac.in (http://www.kmclu.ac.in) या प्रवेश पोर्टल kmcluadm.samarth.edu.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी हेल्पलाइन नंबर 91 7007076127 या ईमेल admission@kmclu.ac.in पर संपर्क कर सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से आह्वान किया है कि वे इन 98 विविध कार्यक्रमों में प्रवेश लेकर विश्वविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।

## धमाकेदार जीत के साथ सेंट्रल जोन सेमीफाइनल में

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपीएसआरटीसी इंटर जोनल क्रिकेट टूर्नामेंट में सेंट्रल जोन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में वेस्ट जोन को 63 रनों से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। चारबाग स्थित एनआर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में सेंट्रल जोन ने हर विभाग में दमदार खेल दिखाया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का वेस्ट जोन का फैसला गलत साबित हुआ। सेंट्रल जोन ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 143 रन बनाए। टीम की ओर से अनुज ने 31 गेंदों पर 53 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि मोहम्मद अशरफ ने 26 और दानिश उमर ने 15 रन जोड़े। वेस्ट जोन के लिए शीतू और अमित चौधरी ने दो-दो विकेट लिए। 144 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्ट जोन की शुरुआत खराब रही और पूरी टीम 16.1 ओवर में 80 रन पर सिमट गई। मनीष खारी ने सर्वाधिक 23 रन बनाए। सेंट्रल जोन की ओर से मयंक दीक्षित ने किफायती गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में बिना रन दिए दो विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

# आईटी बीएचयू तैयार करेगा दिव्यांगों के लिए स्मार्ट डिवाइस



एमओयू दिखाते कुलपति आचार्य संजय सिंह व आईआईटी बीएचयू के निदेशक प्रो. अमित पात्रा व अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आईआईटी काशी हिंदू विश्वविद्यालय और शकुंतला विश्वविद्यालय के बीच हुआ एमओयू

**अमृत विचार :** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के आईआईटी और डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के बीच दिव्यांगों के रोजगार, प्रशिक्षण, अप्रेंटिशिप और शिक्षा से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए समझौता हुआ है। इस एमओयू के तहत आईआईटी दिव्यांगों की समस्याओं का अध्ययन कर उनके लिए सुनने, देखने समेत अन्य जरूरतों के अनुरूप स्मार्ट डिवाइस विकसित करेगा। दोनों संस्थान मिलकर दिव्यांगजनों के लिए ठोस अनुसंधान व विकास परियोजनाओं पर भी कार्य करेंगे।

शकुंतला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने कहा कि दिव्यांग विद्यार्थियों को शैक्षणिक और व्यावसायिक स्तर पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से श्रवण और दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए अनुकूल शिक्षण सामग्री, सहायक उपकरण, संचार तकनीक और डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित करना जरूरी है, ताकि वे मुख्यधारा में बेहतर भागीदारी कर सकें।

आईआईटी बीएचयू के निदेशक प्रो. अमित पात्रा ने बताया कि इस सहयोग के तहत सहायक प्रौद्योगिकी, स्मार्ट डिवाइस, सुलभ डिजिटल प्लेटफॉर्म, संचार सहायता प्रणाली और कौशल विकास से जुड़े नवाचारों पर कार्य किया जाएगा।

# केजीएमयू भर्ती परीक्षा में 6000 अभ्यर्थियों ने लिया हिस्सा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में गैर शैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए शुक्रवार को आयोजित परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। इस भर्ती परीक्षा के लिए लखनऊ और कानपुर में विभिन्न परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां लगभग 6000 अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह के अनुसार, कंप्यूटर बेस्ड इस परीक्षा का आयोजन स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) की निगरानी में किया गया। परीक्षा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रही।

यह भर्ती परीक्षा असिस्टेंट सिक्योरिटी ऑफिसर, कंप्यूटर ऑपरेटर, सोशल वर्कर, डेंटल टेक्नीशियन समेत कुल 12 प्रकार के लगभग 106 पदों के लिए आयोजित की गई थी।

प्रवक्ता ने बताया कि परीक्षा परिणाम जल्द ही जारी किया जाएगा। अभ्यर्थी अपना रिजल्ट केजीएमयू की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकेंगे।

## नाइट्रो, ग्लैडिएटर्स और ब्ल्यू ने दर्ज की जीत

**अमृत विचार , लखनऊ:** रोहित चतुर्वेदी मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर-13) के लीग मुकाबलों में सीएएल नाइट्रो, सीएएल ग्लैडिएटर्स और सीएएल ब्ल्यू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। तीनों मुकाबलों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने प्रतियोगिता को रोमांचक बना दिया।

पहले मुकाबले में सीएएल नाइट्रो ने सीएएल क्रूसेडर्स को दो विकेट से हराया। क्रूसेडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 140 रन बनाए। जवाब में नाइट्रो ने 23.3 ओवर में आठ विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। दूसरे मैच में सीएएल ग्लैडिएटर्स ने सीएएल हरीकंस को छह विकेट से हराया। हरीकंस ने 101 रन बनाए, जिसे ग्लैडिएटर्स ने 13.4 ओवर में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया।

## सिटी डायरी



सम्मानित किए गए विजेता।

### चोट से जूझते हुए सार्थक सूदन बने चैंपियन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रथम स्व. डॉ. केएसएम यूनुस आइटा प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट में दिल्ली के दूसरी वरीय खिलाड़ी सार्थक सूदन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एकल खिताब अपने नाम किया। चोट से जूझने के बावजूद उन्होंने बेहतरीन खेल और मजबूत मानसिकता का परिचय दिया। लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लॉन टेनिस फैसिलिटी में खेले गए फाइनल में सार्थक ने हरियाणा के सुनील कुमार को 6-4, 7-5 से हराया। दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, लेकिन सार्थक ने संयम बनाए रखते हुए सीधे सेटों में जीत दर्ज की। युगल वर्ग में अथर्व शर्मा और अनूप महादेव बजरंगी की जोड़ी ने सुनील कुमार और एकलव्य सिंह को 6-7(4), 7-6(4), 10-4 से हराकर खिताब जीता। समापन समारोह में पूर्व डीजीपी जावीद अहमद ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।



फ्यूजन फेस्ट के समापन अवसर पर उपस्थित अलुमनाई।

### फ्यूजन फेस्ट के समापन पर हुआ अलुमनाई मीट का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईएमआरटी बिजनेस स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय "फ्यूजन फेस्ट 2026" का समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. हरिओम और चेयरमैन देशराज बंसल मौजूद रहे। निदेशिका प्रो. शिल्पिका पांडेय समेत शिक्षक, अधिकारी और छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में रैंप वॉक, समूह नृत्य और ग्रैंड फिनाले प्रस्तुतियों ने दर्शकों को आकर्षित किया। खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर "अलुमनाई मीट 2026" भी आयोजित हुई, जिसमें पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया।



बालिका और बालक वर्ग में विजेता और उप विजेता।

### तेजस और सौंदर्या बने चैंपियन

**अमृत विचार, लखनऊ :** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित आइटा टेनिस चैंपियनशिप सीरीज अंडर-14 का समापन रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ। बालक वर्ग में तेजस सिंह और बालिका वर्ग में सौंदर्या जायसवाल ने खिताब जीता। बालक एकल फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त तेजस ने युवराज सिंह को 6-4, 7-5 से हराया। दोनों के बीच कड़ा मुकाबला रहा, लेकिन तेजस ने संयमित खेल दिखाया। बालिका एकल में सौंदर्या ने शीर्ष वरीयता प्राप्त सिद्धि सिंह को 6-4, 6-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। हालांकि, बालिका युगल में सिद्धि और सौंदर्या की जोड़ी ने रीत सिंह पटेल और आरिका राज सिंह को 6-1, 6-0 से हराकर जीत दर्ज की।




सम्मानित बच्चों के साथ मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश कुमार व अन्य।

### बाल निकुंज में 260 मेधावी सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाल निकुंज इंटर कॉलेज (बॉयज विंग) मोहिबुल्लापुर में मेधावी सम्मान समारोह आयोजित हुआ। वार्षिक परीक्षा परिणाम के आधार पर डे बोर्डिंग के 90 और प्री प्राइमरी के 170, कुल 260 टॉप-10 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश कुमार, मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी ने मेधावियों को शील्ड, प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक एचएन जायसवाल व शिक्षक उपस्थित रहे।

## खेल खिलाड़ी

### प्रदेश भर में 394 प्रशिक्षकों की तैनाती, प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को मिलेगा बेहतर अभ्यास

# 31 खेल प्रशिक्षकों को मिली जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रशिक्षकों का चयन खेल निदेशक की ओर से किया गया

**अमृत विचार:** प्रशिक्षु खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से खेल विभाग ने प्रदेश भर में विभिन्न खेलों के लिए 394 प्रशिक्षकों की तैनाती की है। इन प्रशिक्षकों को एक अप्रैल से कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए थे, जिसके बाद अधिकांश स्थानों पर उन्होंने प्रशिक्षण कार्य शुरू भी कर दिया है। खेल विभाग के अनुसार एथलेटिक्स, कबड्डी, क्याकिंग एंड कैनोइंग, कराटे, कुश्ती, क्रिकेट, खो-खो, जिम्नास्टिक, जूडो, टेबल टेनिस, तलवारबाजी, ताइक्वांडो, नेटबॉल, तैराकी, पावरलिफ्टिंग, वेटलिफ्टिंग, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, बैडमिंटन, रोइंग, वुशू, शूटिंग, साइकिलिंग, हॉकी और हैंडबॉल समेत कई खेलों में इन प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि यह पहली बार है जब सभी प्रशिक्षकों का चयन खेल निदेशक की ओर से स्वयं साक्षात्कार के माध्यम से किया गया। दो दिन तक चले इस चयन प्रक्रिया में लगभग 425 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से 394 को प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त किया गया। प्रशिक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी कार्यप्रणाली की नियमित डायरी तैयार करें और प्रशिक्षण से संबंधित रिपोर्ट मुख्यालय को भेजें। इसके साथ ही तीन माह बाद उनके कार्य का मूल्यांकन भी किया जाएगा। लखनऊ के विभिन्न स्टेडियमों में 31 एडहॉक प्रशिक्षकों की तैनाती की गई है, जिससे यहां प्रशिक्षण शिविरों में खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास और मार्गदर्शन मिल सकेगा। खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह ने बताया कि प्रदेश भर में प्रशिक्षकों की तैनाती के निर्देश जारी कर दिए गए हैं और इसका उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को निखारना है।

**लखनऊ में तैनात खेल प्रशिक्षक**

- एथलेटिक्स- साहिल हुसैन नकवी, ज्योति निषाद
- कबड्डी- टिंकू कुमार,
- क्रिकेट- मो. आसिफ रजा खान, राहुल कुमार
- जिम्नास्टिक- रविकांत
- टेबल टेनिस-अभिषेक कुमार सिंह, आकाश द्विवेदी
- तलवारबाजी- तुषिता सिंह
- ताइक्वांडो- रिजवान अहमद, विकास यादव
- पॉवरलिफ्टिंग- शत्रुघन लाल
- फुटबॉल- अमित कुमार मंडल
- बॉक्सिंग- कृपा शंकर
- बॉस्केबॉल- सविता पाण्डेय, वैभव तोमर
- बैडमिंटन- अमर सिंह यादव, विपुल वर्मा, जय सिंह यादव
- वेटलिफ्टिंग- सैय्यद वासिफ हुसैन, संजय त्रिपाठी
- लॉन टेनिस- समीक्षा, आदर्श चौधरी
- वॉलीबाल- साधना सिंह, संजय कुमार राय,
- वुशू- रामदास रावत
- साइकिलिंग- रोहित विक्रम सिंह
- हॉकी- विवेक सिंह, उपेंद्र चौहान
- हैंडबाल- अंकिता रत्न, मो. तौहीद